निजी स्कूलों में अब आरटीई प्रवेश के आवेदन 10 मई से

पहले 16 अप्रैल से होने थे आवेदन, स्थगित हो गए

भास्कर संवाददाता | जैसलमेर

निजी स्कूल में निशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया कोरोना संक्रमण के चलते बाधित हुई है। 16 अप्रैल से आवेदन प्रक्रिया शुरू हो जानी थी, इसे स्थगित कर शिक्षा निदेशालय ने आरटीई प्रवेश का नया टाइम फ्रेम जारी किया। आरटीई में प्रवेश के आवेदन अब 10 मई से 31 मई तक होंगे। 4 जून को राज्य स्तर पर लॉटरी निकाली जाएगी और चयनित छात्रों को 5 जून से 10 जून के बीच स्कूल में रिपोर्ट करनी होगी। 11 से 16 जून के बीच आवेदन पत्रों की जांच की जाएगी। वहीं 26 से 30 जून तक आवेदन पत्रों में अभिभावकों से हुई त्रुटियों को दुरुस्त करने का अवसर दिया गया है। 25 जुलाई तक प्रवेश का पहला चरण पूरा हो जाएगा। शेष रही सीटों पर 5 अगस्त तक प्रवेश दिया जाएगा। पहली बार आवेदन के साथ ही संबंधित दस्तावेज भी अपलोड करने होंगे। टाइम फ्रेम में हुए बदलाव से अब प्राइवेट स्कूल अपनी प्रोफाइल संबंधित वेबसाइट पर 30 अप्रैल तक अपडेट कर सकेंगे।

@rajeduofficial | @rajeduofficial | @rajeduofficial